This fast is observed to please Sun and is useful for the cure of skin, throat, eye and other physical ailments. Begin this fast on any Sunday of Shukla Paksha of any month and continue fasting for one year. Get up prior to sun-rise on the fasting day. Apply tilak with red sandalwood after bath. Recite Sun-mantara and offer water (aragh) to the sun. Take food only once prior to sunset. Use of salt is prohibited. Perform hawan on the last day of the fast. Worship Sun methodically and offer food to Brahmins. Wear red coloured clothes and distribute red clothes, copper utensils and wheat on the day of last fast.

Astrological Significance of Weekdays

रविवार — राज्याभिषेक, उत्सव, यात्रा, नौकरी, क्रय-विक्रय, औषध सेवन व निर्माण, सोना-चांदी धातु कार्य, शिक्षा-दीक्षा, वस्त्र खरीदना, न्याय सम्बन्धी कार्य करना शुभ होता है ।

Sunday:- Good day for coronation, festivities, traval, buying and selling, manufacture and taking of medication, metal work in gold-silver, education, initiation, buying clothes and for court (Justice) related activity.

सोमवार — नूतन वस्त्र और रत्न धारण, चीनी आदि भोज्य पदार्थ, यज्ञ करना, दूध दही घृत सम्बन्धी कृत्य, स्त्री प्रसंग, क्रय-विक्रय, गीत, नृत्य, पशु सम्बन्धी कार्य, फूल लगाना, अक्षरारम्भ, विद्यारम्भ आदि कृत्य सोमवार को करना शुभ होता है ।

Monday- Good for wearing new clothes and gems, buying groceries, performing Yajana business related to dairy products, buying and selling, music and dance, work releted to animals, planting of flowers and for starting education.

मंगलवार — अग्नि, चोरी, विष, शस्त्र, बन्धन, घात, शठता, दम्भ, पाखण्ड, सेना सम्बन्धी, धातु सोना, मूगा, वाद विवाद, अदालती कार्य, जासूसी नीति कार्य करना आदि अच्छा है। मंगलवार को ऋण लेना अच्छा नहीं होता ।

Tuesday – It is a good day to pay off loan, involve in poltical matters, legal issues and discussions, acts of bravery, to spy. It is not good to take loan on this day.

बुधवार- प्रशिक्षण कार्य, व्यापार, अध्ययन, कला, शिल्प, क्रीड़ा, सेवा वृत्ति, व्यायाम शुरू करना, सन्धिकार्य, विवाद, आदि कार्य शुभ हैं, किन्तु बुधवार को ऋण देना अच्छा नहीं होता ।

Wednesday- Good for starting training, trade, learning, arts, sports and retirement. Also good for work related to marriage and compromise. Not a good day for lending money.

बृहस्पतिवार — धर्मानिष्ठानादि कार्य, ज्ञान विज्ञान चर्चा, यज्ञ विवाह, मांगल्य, सोना सम्बन्धी गृह कार्य, वस्त्र, यात्रा, रथ आदि की सवारी वाहन आदि क्रय-विक्रय नया पद ग्रहण, नवीन वस्त्र आभूषण धारण करना, ध्यान योग शूरू करना बृहस्पतिवार को श्रेष्ठ है ।

Thursday- Good day for religious activities, scientific and intellectual discourses, travel, buying and selling a vehicle, accepting or joining a new post, wearing new clothes or jewellary and tarting Dhyanyog or auspicious activity.

शुक्रवार — भूमि व्यापार, स्त्री सम्बन्धी संसर्ग, शय्या, मणि सुगन्धित द्रव्यों का क्रय विक्रय, फिल्म संगीत का कार्य शुरू करना, कृषि कार्य, प्रेम व्यवहार, ऐश्वर्य कार्य, उत्सव करना शुक्रवार को शुभ होते हैं।

Friday – Good for land deals, buying bedding or jewellary of gems, starting film music or love affair or festivities

शनिवार — गृह प्रवेश व निर्माण कार्य, नौकर रखना, लोहे आदि मशीनरी कार्य शुरू करना, लोहा, पत्थर, शीशा, अस्त्र-शस्त्र धारण करना, पाप कर्म, चोरी, गवाही, विषादि कृत्य प्रशस्त होते हैं।

Saturday- Good for building or entering a new house, hiring an employee, starting work with iron, stone or glass, using arms and ammunition, giving witness and for doing any inauspicious work.

सोमवार, गुरूवार, शुक्रवार और बुध प्रायः सभी कार्यों में शुभ होते हैं। रविवार, मंगलवार तथा शनिवार ये वार उपरोक्त कार्यों में ही शुभ माने जाते हैं ।

Ways to observe fasts,festivals and other important days

Poornima (full-Moon)- Keep a fast and worship Lord Vishnu by a recital of Narayan, and if possible, recite Vishnu-Sahasra-nam and Purush-sukta.

Satya-Narayan Fast- In the early evening, worship Lord Narayan through sixteen offerings. Recite and listen to the legends of Lord Narayan. After worship and prayers, distribute with devotion and faith sacred food (Prasad) among the gathered friends and relatives followed by a Preeti-Bhoj.

Makar-Sankranti (first day of month Magh)- Special merit is obtained by a bath either at Haridwar of Triveni. Recite mantra "Om Namo Bhagavate Vasu-devaya". Give away balls made of sesame seeds.

Sankat Shree GaneshChaturthi- Keep a fast and worship Lord Ganesh. End the fast by offering (aargha) to the Moon at night. Offer sweet balls (Ladoos) to Lord Ganesh ji. Recite the following mantra by one rosary (Mala 108 beads) "Om Ganganptaye Namah".

Vasant-panchami- Worship Lord Vishnu and Goddess Saraswati in the morning with the recitation of appropriate mantras and offerings.

Shree Maha-Shivratri- Keep a fast from morning, recite Lord Shiv's name all day and keep awake all night. Offer four different worships to Lord Shiv with fruits, flowers, leaves and fruit of Bil plant. Take a bath on the following morning, offer food to Brahmans and finally end the fast. Through this fast and worship one attains Lord Shiva's realm.

Holi- Celebrate with joy the colorful and pure festival of Holi. In the evening holika is offerd to fire while praying for release from all sins and other diseases.

Chaitra Shukla prati-pada (Navratri)- This is the start of the new year and the first day of the spring Navratras (nine nights). This day is regarded as very auspicious. Worship Lord Brahma and other gods. Lord Ganesh, Mother Goddess Durga and Brahmans. After installing a ceremonial water vessel (Kalash Sthapana), engage in worships and recitals up to the day of Ram-Navami. Surely the rest of the year will bring you comfort and happiness.

Shree Durga Ashtami- Offer special worship to Mother Goddess and young maidens. Perform a Havan as an offering to Mother Durga.

ShreeRam-navami- Offer worship to Lord Ram at noon. One obtains supreme state by keeping a fast, reciting Lord Ram's name, and by a recital of Ram-charit-manas.

Akshaya Tritiya- This day is regarded as auspicious which bestows success by itself for all actions performed that day.

Nirjala Ekadashi- Keep a fast without even sipping water. Worship Lord Vishnu and recite Vishnu sahasra naam.

Ganga Dashami- If possible, take bath in the Ganges. Otherwise bow to holy river Ganges.

Vyas (Guru)Poornima- Worship Sage Vyas-dev-jee. Pray to your Gurus and Scriptures by offering flowers, fruits and donations. Remember and bow to Bhagawan Vyas regarded as Lord Vishnu.

Raksha-bandhan- Sister should tie Rakhi on her brother's hand and offer him sweets strengthening pure relationship of a brother and sister.

Shree Krishna Janmashtami- Keep a fast as a mark of respect for Lord Krishna. Worship him according to the scriptures with the offering of butter and crystallized sugar (mishri). Celebrate the occasion with great joy, mirth and enthusiasm at midnight. Recite as many times as possible the Krishan mantras thoughout the day.

"Shree Krishna Govind Hare Murare. Hey Nath Narayan Vasudev".

"Hare Krishna Hare Krishna Krishana Krishana Harey Harey."

Vinayak Chaturthi Vrat- Keep a fast for Lord Shree Ganesh and worship him with offerings of fruits, flowers and sweet balls (ladoos). Recite the Ganpati mantra.

Pitra Paksh (Shraddhapaksh)- Everyday during this period remember your (past) ancestors and offer them prayers. On the day of new moon (Amavasya) offer prayers to all fore fathers and ancestors.

SharadNavratri- Starting with the frist of the bright fortnight in the month of Ashvin, install the ceremonial water (Kalash Sthapana) and worship Mother Goddess up to the eighth or ninth day of this fortnight. One attains intelligence, peace and comfort by worship of young maidens and by recitals of any of the following mantras with full faith and devotion to Mother Goddess " Om Aim Hrim Klim Chamundai Vicchi" or jay Ma Jay Ma or Durga saptsati path.

Vijay Dashami- All (good) actions carried out this day are generally successful. On this auspicious day Lord Ram is worshipped, prayed and meditated upon to obtain his blessings and favour. The day Ram routed Ravan.

Karava Chauth – For the attainment of long and continuous married life filled with peace and happiness in the family, married women should keep a fast without even sipping water. They should worship Lord Ganesh, Lord Shiv and Mother Gauri with the recitals of the Shiv-Ganesh-Gauri Mantras. In the evening, they should recite the legend connected with this occasion. At the moon-rise they should end their fast after offerings to the moon, then bow to their husbands and take evening meal.

Kartik Krishan (Narak) Chaturdashi (Shree Hanuman Janam)- Celebrate this great occasion with great enthusiasm and worship shree Hanuman jee with devotion and with chantingof the Hanuman mantra. With the grace of Shree hanuman, one attains happiness in life by reciting Shree Hanuman Chalisha or any other prayer in praise of Lord Hanuman.

Hanuman Mantra:

"Om Ram Dutay Vidmahey, Vayu putray Dheemahi,Tanno Hanumn pracho dyat."

Kartik Amavasya (Deepawali)- In the evening , worship Ganesh, Mother Mahakali-Maha Lakshmi-MahaSaraswati, Lord Kuber-Vahi-Vasna and Shree Ramchandrajee. Thereafter distribute sweets and try to light the lamp of knowledge, faith and devotion both within yourself and outside.

Pradosh Vrat-

The Pradosh of Shani, Som and Bhaum are considered more auspicious. Those desirous of salvation, wordly pleasures and good progeny should keep a fast and worship Lord Shiv including ceremonial bathing of Lord Shiv (Shiv Abhshek).

Sankranti- On the every first day of the Hindu (son) month give donations at an auspicious time as prescribed in panchang. Offer prayers to God and listen to the name of the new month pronounced by an able Brahman. Distribute consecrated food.

Ekadashi Vart- Every Ekadashi has a separate name. Try to gain victory over eleven senses (five of action, five of perception and mind) by keeping fast with no intake of grain while engaged in worship to Lord Narayan.

Maha Shiv Ratri Vrat- This is the fast of Shiv-ratri to be observed on the fourteenth day of the dark fortnight every month. It is considered as extremely favorable if one worships Lord Shiv and recites "Om Namah Shivay."

Lagan and Rashi Phal

।। द्वादश लग्नों एवं राशियों का फल ।।

मेष लग्न- मेष लग्न (राशि) का स्वामी मंगल है । जातक का मध्यम कद, मुख का वर्ण लाल अथवा गेहुँआ होगा . राशिपति मंगल की स्थिति शुभ होने से रक्तवर्ण नेत्रों वाला, चंचल एवं उग्र स्वभाव, अत्यन्त साहसी, सतर्क एवं महत्वाकांक्षी होगा । जातक उद्यमी, तीव्र बुद्धि, स्वतन्त्र विचारों वाला, अस्थिर किन्तु तेज स्मरण शक्ति वाला, अत्यधिक उत्साही, स्पष्टवादी एवं भ्रमणप्रिय व्यक्ति होगा । प्रायः अपने परिश्रम के बल पर आय एवं धन के साधन जुटा लेगा । सगे सम्बन्धियों की ओर से सहायता व सुख कम होगा । यह राशि चर और अग्नि तत्व प्रधान होने के कारण मेष राशि (लग्न) का जातक परिवर्तनशील प्रकृति, अस्थिर स्वभाव तथा शीघ्र क्रोधित हो जाने वाला एवं शीघ्र मान जाये । व्यवसाय में अनेक कठिनाईयों के उन्नति के लिए प्रयास करता रहता है । जायदाद एवं व्यवसाय में कई प्रकार के झंझट (उलझनें) आती हैं और इन्हीं कामों के द्वारा लाभ भी होता रहता है । पित्त, कफ, सिर दर्द, रक्त विकार, नेत्र विकार, त्वचा आदि रोगों का भय रहता है। मंगल शुभ होने पर जातक को खेल-कूद व संगीतादि में भी विशेष शौक रहता है। सामान्यतः मूंगा मेष लग्न वालों के लिए शुभ रहता है, परन्तु योग्य ज्योतिषी से परामर्श के बाद धारण करना चाहिए। भाग्योदयकारक वर्ष १६,२२,२८,३२,३६वें होंगे।

वृष लग्न – वृष लग्न का स्वामी शुक्र है। यदि शुक्र शुभ हो तो जातक सुन्दर, सुगठित शरीर व मध्यमकद वाला होगा। गोल,बड़ी व चमकदार आँखें, सुन्दर वर्ण एवं आकर्षक व्यक्तित्व वाला होगा। जातक परिश्रमी,हँसमुख एवं सौम्य प्रकृत्ति वाला, धीर,शान्त एवं दृढ़ स्वभाव का होता है। जातक उदारहृदय, प्रसन्नहृदय और प्रभावशाली व्यक्ति होगा। स्वावलम्बी, उच्चाभिलाषी तथा भौतिक सुखों के लिए कठोर परिश्रम से भी पीछे नहीं हटेगा । जातक मधुरभाषी, सौन्दर्य प्रेमी, संगीत कला-साहित्यादि कार्यों में विशेष रूचि रखने वाला होगा। घर-दफ्तर आदि स्थानों पर सजावट रखेगा तथा ऐश्वर्य साधनों में निरन्तर वृद्धि करते रहने का प्रयास करेगा। जातक प्रायः अपनी इच्छानुसार ही कार्य करने वाला, ऐश्वर्ययुक्त जीवनयापन का इच्छुक, विपरीत योनि वालों के साथ मैत्री करने का आकांक्षी, व्यवहार कुशल तथा कठिन परिस्थितियों में भी अपना कार्य निकालने में कुशल होगा। जातक प्रायः चन्द्र-बुध की स्थिति शुभ होने पर कामर्स, गणित, बैकिंग, एक्टिंग, वस्त्र एद्योग, क्रय-विक्रय आदि में सफलता प्राप्त कर लेता है। शुभ रत्न हीरा है। भाग्योदयकारक वर्ष २८, ३६, ४२, एवं ४८वें होंगे।

मिथुन लग्न- मिथुन लग्न का स्वामी बुध है। मिथुन लग्न वाला जातक, गौरवर्ण, चंचल आँखों वाला, सामान्य एवं ऊँचे कदवाला होगा। जातक अस्थिर किन्तु मौलिक विचारों से युक्त, तीव्र बुद्धि, परिवर्तनशील प्रकृति, मित्रों को हर प्रकार से सहायक तथा नीति के अनुसार आचरण करने वाला तर्क-वितर्क करने में कुशल, दूर-दूर के स्थानों की यात्राएँ करने का सौभाग्य प्राप्त करेगा। जातक में बुद्धि तत्व एवं भाव तत्व दोनों प्रबल होने के कारण पठन-पाठन, कानूनी कार्य, व्यापार सम्बन्धी और लेखन सम्बन्धी कार्यों को बड़ी गम्भीरता से करेगा, मजबूत हृदय वाला परन्तु नर्म स्वभाव होने के कारण कमजोर समझा जाता है। द्विस्वभाव होने से एक ही समय पर एक से अधिक कार्य शुरू करने की प्रवृत्ति रहेगी, अपने कार्य-क्षेत्र (व्यवसाय) में प्रायः परिवर्तन करता रहता है तथा प्रायः अपने परिश्रम, बुद्धि एवं चातुर्य के बल पर जीवन में सफलता प्राप्त कर लेगा। नए-नए मित्र बनाने में कुशल, बातचीत करने की कला में निपुण होगा। क्रय-विक्रय, पुस्तक-लेखन, लेखाकर, बैंक, वकालत, अध्यापन, इंजीनियरिंग, कल-पुर्जे के कार्य-व्यवसाय में सफलता प्राप्त हो सकती है। शुभ रत्न पन्ना है, स्त्रियों के लिए पुखराज भी अच्छा होगा। भाग्योदयकारक वर्ष २२, ३२, ३५, ३६, ४२, ४२ वें होंगे।

कर्क लग्न- कर्क लग्न का स्वामी चन्द्रमा है। जल तत्व प्रधान एवं चर राशि होने से जातक सुन्दर एवं आकर्षक मुखाकृति, गोल चेहरा और मध्यम कद होगा। चन्द-मंगल शुभ हो तो जातक बुद्धिमान, संवेदनाशील, भावुकहृदय, न्यायप्रिय व दयालु स्वभाव वाला होगा। सामान्यतः, परिवर्तनशील स्वभाव, चंचल, जलीय वस्तुओं का प्रिय,उच्च कल्पनाशील, समयानुकूल काम निकालने में कुशल, मिलनसार प्रकृति होगी। यदि चन्द्रमा अशुभ हो तो चिड़चिड़ा स्वभाव, वातावरण से शीघ्र प्रभावित होने वाला होगा। प्राकृतिक सौन्दर्य, कला-संगीत व साहित्य में विशेष रूचि रखे तथा सौन्दर्यानुभूति भी विशेष रूप से रहे। ऐसा जातक परिस्थितिनुसार ढल जाने वाला, प्यार सम्बन्धों में सच्चा,ईमानदार और सहृदय दयालु प्रकृति का होगा। ऐसा जातक दिल से जिस काम को करना चाहे कर ही लेता है। कल्पना शक्ति प्रबल होती है, अन्य पुरूष के भावों को शीघ्र समझ लेने की विशेष क्षमता होती है। कर्क राशि वालों को मकर, वृश्चिक, मीन राशि वालों के साथ मित्रता शुभ रहती है। शुभ नग सफेद मोती तथा सफेद पुखराज है। भाग्योदयकारक वर्ष २४, २५, २८, ३२, ३६, ४० होंगे।

सिंह लग्न- सिंह लग्न का स्वामी सूर्य है। इस लग्न में जन्म लेने वाला जातक सुन्दर-पुष्ट शरीर वाला, चौड़ा मस्तक, सुगठित, आकर्षक एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व वाला होगा। जातक बुद्धिमान, उद्यमी, कर्मठ, निडर, स्वतन्त्र विचारों वाला, पराक्रमी, व्यवहार कुशल, नीति के अनुसार आचरण करने वाला, उच्चाकांक्षी, खानपान का शौकीन देश-विदेश में भ्रमण करने वाला, शीघ्र क्रुद्ध हो जाने की प्रकृति होने पर भी अपने बुद्धि-चातुर्य से स्थिति को सम्भाल लेने वाला होगा। छोटी-छोटी एवं मामूली बातों को उपेक्षा की दृष्टि से देखने वाला होगा तथा बडे-बडे कामों को भी अपने उद्यम द्वारा पूरा करने से तत्पर हो जाएगा। भाई-बन्धु होने पर भी उनका सुख कम रहता है। उच्चाभिलाषी होने के कारण प्रत्येक कार्य व्यवसाय को बड़े पैमाने एवं उच्चतर पर करना पसन्द करेगा। उच्चस्तरीय, वैभवशाली एवं रईसी जीवन-यापन करने की प्रबल इच्छा रखेंगे जिसके कारण अपनी सीमा से बढ़कर भी खर्च कर डालते हैं। इस लग्न वाले जातक का बाह्य रूप में आकर्षक रूप एवं अच्छा स्वास्थय रहता है। शुभ रत्न माणिक्य है। सिंह लग्न वालों को सूर्य उपासना करनी चाहिए। भाग्योन्नति वर्ष १६, २२, २४, २६, २८, ३२ होते हैं।

कन्या लग्न- कन्या लग्न वाले जातक का मध्यम कद, कोमल शरीर सुन्दर व आकर्षक आँखें, लम्बी नाक, वाणी तेज और बारीक होगी। जातक प्रियभाषी, हर कार्य में सहायक, लज्जाशील प्रकृति, नर्म स्वभाव और नीति के अनुकूल काम करने वाला होगा। कल्पनाशील, सूक्ष्मदर्शी, एवं संवेदनशील स्वभाव होगा। शान्तचित्त एवं एकान्तप्रिय प्रवृत्ति होगी। परन्तु कठिन एवं विपरीत परिस्थितियों में भी स्वयं को ढालने का सामर्थ्य होगा। एक ही समय पर अनेक यात्राएँ एवं विषयों में पारंगत होने की चेष्ठा करेगा। संगीत, कला एवं साहित्य की ओर विशेष दिलचस्पी रखेगा। द्विस्वभाव एवं परिवर्तनशील प्रकृति होने के कारण एक विषय पर चिरकाल तक स्थिर नहीं हो पाता। बुध-शुक्र का शुभ योग होने से लेखा-गणित, संगीत, कला, अध्यापन, लेखन, क्रय-विक्रय आदि की ओर विशेष झुकाव रहेगा तथा सफलता भी होगी। धन की अपेक्षा बौद्धिक कार्यों में विशेष रूचि रहती है। बुद्धिमान, तीव्र स्मरणशक्ति एवं अध्ययनशील पकृति होगी। शुभ रत्न पन्ना है। भाग्योन्नतिकारक वर्ष २५, ३२, तथा ३५, ३६, ४२ वर्ष होते हैं।

तुला लग्न- तुला लग्न का स्वामी शुक्र है। तुला लग्न में उत्तपन्न जातक श्वेत व सुन्दर वर्ण, मध्यम अथवा लम्बा कद, सौम्य एवं हंसमुख प्रकृति होगी। जातक / जातिका न्यायप्रिय, हंसमुख, व्यवहारशील एवं नीति के अनुसार कार्य करने में कुशल होगा। ईमानदार, मिलनसार, नए-नए मित्र बनाने में कुशल होगा। सौंदर्यानुभूति विशेष होगी, संगीत, कला, नाट्य की ओर विशेष झुकाव होगा। रहन-सहन का ढ़ंग रईसी एवं प्रभावपूर्ण होगा। जातक पर संगीत का प्रभाव जल्दी होगा। चन्द्र-शुक्र शुभ हों, तो मानसिक एवं कल्पनाशक्ति प्रबल होगी, परन्तु मन की केन्द्रिय शक्ति बहुत देर तक नहीं रहती। जब तक किसी कार्य में लगा रहे तब तक दिलोजान और मजबूत दिल से करे, परन्तु अपने विचार व योजना में परिवर्तन करने में भी शीघ्र तैयार हो जायेगा। जातक को देश-विदेशों में अनेक स्थानों पर भ्रमण करने के भी अवसर प्राप्त होते हैं। बुद्धिमान, तर्कशील, सावधान एवं सतर्क रहने वाला, मध्यस्थता एवं न्याय करने में कुशल, विपरीत योनी के प्रति विशेष झुकाव रखे। इनको हीरा अथवा श्वेत मोती शुभ रत्न है। जोकि किसीसुयोग्य ज्योतिषी के परामर्शानुसार धारण करने चाहिऐ। जीवन के २५, २७, ३२, ३३, ३५ एवं ४७ वें वर्ष भाग्य वृद्धिकारक होंगे।

वृष्चिक लग्न -वृष्चिक लग्न (राशि) का स्वामी मंगल है । इस लग्न में उत्पन्न जातक सुन्दर मुख वाला, परिश्रमी, अपनें सामर्थ्य पर ही भरोशा करनें वाला, धार्मिक प्रवृत्ति होगी । मंगल शुभ हो तो उत्साही, उदार, परिश्रमी,साहसी, ईमानदार,स्पष्टवादी, परोपकारी, व्यवहारकुशल,
कर्त्तव्यनिष्ठ, दृढ संकल्प शक्ति वाला होगा । भाई बहनों अथवा सम्बन्धियों की सहायता कम मिलती है, निजी पुरूषार्थ द्वारा ही निर्वाह योग्य आय के संसाधन जुटा पाते हैं। तनिक विरूद्ध बात हो जानें पर शीघ्र उत्तेजित हो जाएंगे, परन्तु सच्चाई अथवा सुपात्र की दृष्टि से सुयोग्य जन की सहायता करनें में अपनें स्वार्थ की भी बलि देनें से पीछे नहीं हटेंगे। जातक जिस कार्य को करनें का निश्चय कर लेता है, उसे दृढतापूर्वक पालन करनें का प्रयास करता है। कैमिष्ट,इंजनियर, वकील, पुलिस,सेनाविभाग,अध्यापन,ज्योतिष,अनुसंधानकर्ता, के क्षेत्र में विशेष सफलता प्राप्त करेंगे। शुभ रत्न मूंगा है। शुभ रंग लाल, संतरी, पीला हल्का गुलाबी है।अपनी आयु के २४,२८,३२,३६,४४वें वर्ष विशेष भाग्योन्नतिकारक होंगे ।

धनु लग्न - धनु लग्न का स्वामी गुरु है । इस लग्न में उत्पन्न जातक का ऊँचा मस्तक, कान बडे,लग्न भाव में क्रूर ग्रह होनें की स्थिति में सिर में अल्पबाल अथवा गंजा हो सकता है । गुरू-बुध की स्थिति शुभ हो तो सौम्य एवं शान्त, सरल स्वभाव, धार्मिक प्रवृत्ति, उदार ह्रदय, परोपकारी,संवेदनशील,करूणा-दया आदि भावनाओं से युक्त होगा। दूसरों के मनोभावों को जान लेनें की विशेष क्षमता होगी, इस लग्न से प्रभावित व्यक्ति में बौध्दिक एवं मानसिक शक्ति की प्रबलता के साथ-साथ अश्व जैसी तीव्रता, उत्साह एवं उत्तेजना से कार्य करनें की क्षमता होगी। द्विस्वभाव राशि के कारण शीघ्र कोई निर्णय नहीं ले पाएं और इनको क्रोध जल्दी नहीं आता, परन्तु जब आता है तो देर तक क्रोधित रहते हैं। अग्नि तत्व प्रधान होनें के कारण कठिन से कठिन समस्याओं को अपनें सब्र,साहस एवं परिश्रम के द्वारा सुलझा लेंगे तथा निजी पुरूषार्थ द्वारा जीवन के हर क्षेत्र में उन्नति करनें वाला, धन, सम्पदा,भूमि-जायदाद व सवारी आदि सुखों को प्राप्त करनें में सफल होगा। मंगल-गुरू शुभ हो तो उच्च व्यावसायिक विद्या के योग हैं । शिक्षक, धर्म-प्रचारक,राजनीति,वैद्य-डाक्टर,वकील, पुस्तक व्यवसाय आदि के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी।शुभ रत्न पुखराज है। अपनी आयु के २३,२७,३२,३६वें वर्ष विशिष भाग्योन्नति कारक होंगे।

मकर लग्न- मकर लग्न(राशि) का स्वामी शनि हे। इस लग्न (राशि)में जन्म लेनें वाले जातक का मध्यम कद, नयन नक्श तीखे, सुन्दर मुखाकृति, काले घने बाल एवं पतली कमर वाला होगा। जातक गम्भीर,भावुक ह्रदय,संवेदनशील,उच्चाभिलाषी, सेवाधर्मी,मननशील,एवं धार्मिक प्रवृत्ति वाला होगा। बुध व शुक्र शुभ होने पर व्यवहार-कुशल, गहन विचार एवं सूक्ष्म विश्लेषण के पश्चात ही महत्व पूर्ण निर्णय लेते हैं । क्षमाशील प्रायः कम होते हैं तथा इन्हें बदले एवं शत्रुता की भावना भुला पाना अत्यन्त कठिन होता है । चर राशि एवं लग्न होने से जातक की मानसिक एवं आत्मिक शक्ति प्रबल होगी । गुरू-शनि शुभ हो तो, जातक नर्म स्वभाव, विनयशील,व्यवहार-कुशल, नीति के अनुकूल आचरण करनें वाला, तर्क शील,भली-बुरी बात की पहचान करने में कुशल, विश्वसनीय, मित्रता स्थापित करनें में तथा इमानदार होंगे । तर्क - वितर्क करनें में कुशल, अपनें विरूद्ध बात को ह्रदय से भुला पाना कठिन होता है । खांसी तथा वायु रोग से सावधानी बरतें । शुभ रत्न नीलम है । भाग्योन्नति वर्ष २२,२४,२८,एवं ३२,४६ होते हैं ।

कुम्भ लग्न – लग्नेश (राशिपति) शनि शुभ अवस्था में हो तो जातक मध्यम अथवा ऊँचे कद वाला, सुन्दर प्रभावशाली व्यक्तित्त्व होगा । बुद्धिमान, साधन सम्पन्न, तीव्र स्मरण शक्ति एवं गम्भीर प्रकृति वाला होगा । दूसरों के प्रति दयाभाव रखनें वाला परोपकारी मित्रों एवं सगे सम्बन्धियों के लिए हर प्रकार से सहायक होगा । व्यवहार कुशल, मिलनसार, स्पष्टवादी एवं निस्वार्थ भाव से सेवा करनें में तत्पर होगा। जातक स्वाभिमानी, स्वतन्त्रताप्रिय एवं नए-नए मित्र बनाने में भी पीछे नहीं हटेगा। उद्योगी, उद्यमी,परिश्रमी प्रकृति एवं प्रबन्धत्मक योग्यता विशेष होगी एवं उपयुक्त साधन उपलब्ध होनें पर देश-विदेशों में जाने के सुअवसर प्राप्त होंगे। महत्त्वकांक्षी होते हुए भी क्रियात्मक दृष्टिकोण रखेंगे तथा अनेक विघ्न-बाधाओं व कठिनाइयों के होने पर भी जीवन में उच्च स्थिति, धन पदादि प्राप्त करनें में सफल होंगे । कुम्भ लग्न में यदि गुरू मित्र क्षेत्री या शुभ में हो तो जातक उच्चाधिकारी, उत्तपदासीन,क्रय-विक्रय, प्रोफेसर, जज-वकील अथवा उच्च एवं धनीं-व्यापारी होगा, प्रारम्भिक जीवन में आर्थिक क्षेत्र में विशेष संघर्ष व काठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। शुभ रत्न नीलम है। स्त्रियों के लिए पुखराज नग शुभ होगा।

मीन लग्न – मीन लग्न (राशि) का स्वामी गुरू है। मीन लग्न में उत्पन्न जातक बुध्दिमान, गम्भीर एवं सौम्य प्रकृति, परोपकारी कार्य करनें में तत्पर, ईमानदार, सत्यप्रिय,धार्मिक, धर्म-कर्म एवं फिलास्फी, साहित्य एवं गूढ़ विद्याओं की ओर विशेष अभिरूचि रखेगा। उच्चाभिलाषी,
उच्चकांक्षी एवं स्वाभिमानी प्रकृति, अपनी मान-मर्यादा एवं प्रतिष्ठा का विशेष ध्यान रखें। सेवाभाव रखनें वाला, तीव्र बुध्दि, परिश्रमी, उद्यमी, दूरदर्शी,व्यवहार कुशल एवं नीति के अनुसार आचरण करनें वाला, विश्वसनीय, ईमानदार तथा हर प्रकार से मित्रों एवं सगे -संम्बन्धियों के लिए सहायक होगा। पर न तो अन्याय करेंगे न ही किसी भांति अन्याय को सहन करेंगे। जातक कलाकार, चल-चित्र,व्यवसाय, खानें-पीनें की वस्तुओं से सम्बन्धित, समाज सुधारक, अध्यापन सम्बन्धी कार्यों में सफल होते हैं। शुभ रत्न पुखराज है। शुभ वैवाहिक जीवन के लिए पन्ना रत्न धारण करें। भाग्योन्नति कारक वर्ष २४,२८,३३,३८,४५ वर्ष होते हैं।

卐 अच्युतं केशवं रामनारायणं, कृष्णदामोदरं वासुदेवं हरिम् ।श्री धरं माधवं गोपिका वल्लभं, जानकीनायकं रामचन्द्रं भजे ।। 卐
Achutam Keshvam Ramnaraynam, Krishnadamodaram Vasudevam Harim |
Shridharam Madhavam Gopikavallabham, Jankinayakam Ramchandram Bhaje ||

।। अथ सप्तश्लोकी दुर्गा स्तोत्रम्।।

SAPTA SHLOKI DURGA STOTRAM

This Sapta Shloki Durga Stotram is in Sanskrit and was recited to Bhagwan Shiva by Durga Mata herself. The Durga Saptashloki Stotram, is an alternate prayer for Durga Saptashati or Chandi Path stotram which is revered as the most important text during Navratri Durga Puja.
One day Lord Shiva asked Durga to tell him what his devotees should do to achieve success in their endeavor easily and without any troubles? Durga Mata gave him the secret of the Durga Sapta Shloki saying that by reciting these 7 slokas with faith, devotion and concentration they will receive all her blessings and will be successful in their every endeavor. Besides they will receive wealth, health, good memory, knowledge, success, good family life and victory. All their troubles, fear, sorrow and poverty will be removed from their life.

Gnaninamapi chetamsi devi bhagawatee hi sa
Baladaa krushya mohaya mahamayaa prayachchathi ||1||

Durgesmrita harasi bhethima shesha jantho
Swasthai smrita mati mateeva shubhaam dadasi
Daridrya dukha bhaya harini ka thwadanya
Sarvopakara karanaya sadarthra chittha ||2||

Sarva mangala mangalye shive sarvartha sadhike
Saranye thriyambake gauri narayani namosthuthe ||3||

Saranagata deenarta paritrana parayane
Sarvasyarti hare devi narayani namostute ||4||

Sarvaswarupe sarveshe sarva shakti samanvite
Bhaye bhyasthrahi no devi durgedevi namostute ||5||

Rogaana sesha napahamsi tushta
rushta thu kaamaan sakalana bheestan
Thwama shrithanam navipanna raanaam
twama shritahya shrayatam prayanti ||6||

Sarvabhadaa prashamanam thrailokyasya akhileshwari
Evameva thwaya karyam asmad vairi vinashanam ||7||

****

।। श्री नवग्रहस्तोत्रम् ।।

|| SHRI NAVAGRHASTOTRAM ||

जपाकुसुम संकाशं काश्यपेयं महाद्युतिम् । तमोऽरिसर्व पापघ्नं प्रणतोऽष्मि दिवाकरम् ।। १।।

Japaakusuma sankaasham , Kashyapeyam mhadyutim |

Tamorim sarvapaapaghnam Pranato - smi Divaakaram ||१||

I pray to the Sun, the Ray-maker, destroyer of all sins, the enemy of darkness, of great, brilliance, the descendent of Kaashyapa, the one who shines like the japaa flower.

दधिशङ्खद्धतुषाराभं क्षीरोदार्णवसम्भवम् । नमामि शशिनं सोमं शम्भोर्मुकुट भूषणम् ।।२।।

Dadhi sankha tushaaraabham Kshiirodaarnavasambhavam |

Namaami shashinam somam Shambhormukuta bhushanam ||२||

I pray to the Moon who shines coolly like curds or a white shell, who arose from the ocean of milk, who has a hare on him, Soma, who is the ornament of Shiva's hair.

धरणीगर्भसम्भूतं विद्युतकान्तिसमप्रभम् । कुमारं शक्तिहस्तं तं मंगलम् प्रणमाम्यहम् ।।३।।

Dharaneegarbhasambhutam Vidyut kaanti samaprabham |

Kumaaram shaktihastam tam Mangalam pranamaamyaham ||३||

I pray to Mars, born of Earth, who shines with the same brilliance as lightning, the young man who carries a spear.

प्रियङ्गुकलिकाश्यामं रूपेणाप्रतिमंबुधम् । सौम्यं सौम्यगुणोपेतं तं बुधं प्रणमाम्यहम् ।।४।।

Priyangukalikashyaamam Ruupenaa- pratimam budham |

Saumyam saumyamgunopetam Tam budham pranamaamyaham ||४||

I pray to Mercury, dark like the bud of millet, of unequalled beauty, gentle and agreeable.

देवानां च ऋषीणां च गुरुं काञ्चनसंनिभं् । बुद्धिभूतं त्रलोकेशं तं नमामि बृहस्पतिम् ।।५।।

Devaanam cha rishinaan cha Gurum kaancana sannibham |

Buddhi bhutam trilokesham Tam namaami brihaaspatim ||५||

I pray to Jupiter, the teacher of Gods and rishis, intellect incarnate, lord of the three worlds.

हिमकुन्द मृणालाभं दैत्यानाम् परमं गुरूम् । सर्वशास्त्रप्रवक्तारं भार्गवं प्रणमाम्यहम् ।।६।।

Hima kunda mrina laabham Daityaanaam paramam gurum |

Sarvashaastra pravaktaaram Bhaargavam pranamaamyaham ||६||

I pray to Venus, the utimate preceptor of demons, promulgator of all learning, he who shines like the fiber of snow- white jasmine.

नीलाञ्जन समाभासं रविपुत्रं यमाग्रजम् । छायामार्तण्ड सम्भूतं तं नमामि शनैश्चरम् ।।७।।

Neelanjan samaabhaasam Raviputram yamaagrajam |

Chaayaamaartandasambhuutam Tam namaami shanaishacharam ||७||

I pray to Saturn, the slow moving, born of shade and Sun, the elder brother of Yama, the offspring of Sun, he who has the appearance of black collyrium.

अर्धकायं महावीर्यं चन्द्रादित्य विमर्दनम् । सिंहिकागर्भसम्भूतं तं राहुं प्रणमाम्यहम् ।।८।।

Arddakaayam mahaaviiryam Candraadityavimardanam |

Singhikaagarbha sambhuutam Tam Raahum pranamaamyaham ||८||

I pray to Rahu, having half a body, of great bravery, the eclipser of the Moon and the Sun, born of Simhikaa.

पलाशपुष्पसंकाशं तारकाग्रहमस्तकम्। रौद्रं रौद्रात्मकम् घोरं तं केतुं प्रणमाम्यहम् ।।१०।।

Palaasha pushpa sankaasham Taarakaa graha mastakam |

Raudram raudraatamakam ghoram Tam ketum pranamaamyaham ||९||

I pray to Ketu, who has the appearance of Palaasha flower, the head of stars and planets, fierce and terrifying.

इति व्यासमुखोद्गीतं यः पठेत् सुसमाहितः। दिवा वा यदि वा रात्रौ विघ्नशान्तिर्भविष्यति ।।१०।।

Iti Vyaasmukhod geetam Yah pateth susamaahitah |

Diva ya yadi va ratrau Vighanashantirbhavishyati ॥ 90||

Those who read the song sung by Vyasa, will be joyous, sovereign and powerful, and will succeed in appeasing obstacles, occurring by day or by night.

नरनारीनृपाणां च भवेदुःस्वप्ननाशनम् । ऐश्वर्यमतुलं तेषामारोग्यं पुष्टिवर्धनम् ।।११।।

Narnarinripanam cha Bhavetadukh swapna nashanam |

Aishwaryamatulam tesham Aarogyam pushtivardhanam ||११||

Bad dreams of men, women and kings alike will be destroyed and they will be endowed with unparalleled riches, good health and enhancing nourishment.

।। महर्षि व्यासविरचितं नवग्रहस्तोत्रं सम्पूर्णम् ।।

महामृत्युञ्जय मन्त्र- ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिम् पुष्टिवर्द्धनम् । उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्

Mahamrutunjay Mantra- Om Tryambakam Yajamahe Sugandhim Pushti varddhnam, Urvaruka miva Bandhanan Mrutyor muksiya Mamrutat.

।। शिव पञ्चाक्षर स्तोत्र ।। ।। Shiv Panchakshar Stotr ।।

नागेन्द्रहाराय त्रिलोचनाय भस्माङ्गरागाय महेश्वराय ।

नित्याय शुद्धाय दिगम्बराय तस्मै 'न ' काराय नमः शिवाय ।।

Nagendraharay Trilochnay Bhasmangragay Maheshvray ।

Nityay Shudhay Digambray Tasmai 'Na' Karay Namah Shivay ।।

Salutations to the ashes-clad, three-eyed Lord, embodied as the first latter Na, who is pure, nude eternal and whose is the lord of serpents.

मन्दाकिनी सलिल चन्दन चर्चिताय नन्दीश्वर प्रमथ नाथ महेश्वराय ।

मन्दार पुष्प बहु पुष्प सु पूजिताय तस्मै 'म' काराय नमः शिवाय ।।

Mandakini Salila Chandan Charchitay Nandishvr Pramath Nath Mahesvaray ।

Mandar Pushp Bahu pushp Su Pujitay Tasmai 'Ma' karay Namah Shivay ।।

I bow to Him, embodied as makara, who is adorned with innumerable divine flowers as mandar and the like, who is the Sovereign king of the Pramatha Ganas and whose body is anointed with the holy waters of the celestial Ganga.

शिवाय गौरी वदनाब्जविन्द – सूर्याय दक्षाध्वर नाशकाय ।

श्री नीलकण्ठाय वृषध्वजाय तस्मै 'शि'काराय नमः शिवाय ।।

Shivay Gauri Badnabjavind Suryay Dkashadhvar nashkay।

Shri Neelkanthay Vrikhdhvjay Tasmai 'Shi' karay Namah Shivay ।।

To the blue necked Lord, embodied as letter Si, the destroyer of Daksha's sacrifice and the resplendent Sun of Gauri's lotus-face, whose banner bears the emblem of bull, may our salutations be.

वसिष्ठ कुम्भोद्भव गौतमार्य- मुनीन्द्र देवार्चित शेखराय ।

चन्द्रार्क वैश्वानर लोचनाय तस्मै 'व' काराय नमः शिवाय ।।

Vasisth Kumbhodbhav Gautamay Munindra Devarchit Shekhray।

Chandrark Vaisvanar Lochnay tasmai 'Va' karay Namah Shivay ।।

I prostrate before the god of gods, embodied as Vakara,whose eyes are sun, moon and the fire and whom the gods and the great sages like Vasishtha, Agastya and Gautama, ever pray and worship.

यक्ष स्वरुपाय जटाधराय पिनाक हस्ताय सनातनाय ।

दिव्याय देवाय दिगम्बराय तस्मै 'य'काराय नमः शिवाय ।।

Yaksha Svarupay jatadharay Pinak Hastay Sanatnay।

Divyay Devay Digambaray Tasmai 'Ya' karay Namah Shivay ।।

Prostrations to the ancient naked God, embodied as the letter Ya, the Yaksha incarnate whose hairs are long and who holds Pinaka in His hand.

पञ्चाक्षरं इदं पुण्यं यः पठेत् शिव सन्निधौ । शिवलोकम् वाप्नोति शिवेन सहः मोदते ।।

Panchakshar Idam punayam Yah Pathet Shiv Sannidau।

Shivalokam vapnoti Shiven Saha Modate ।।

Whoever repeats this prayer, composed with the five holy letters before Lord Shiv, attains that supreme abode of His and enjoys there with Him in eternal bliss.

।। श्री मत् शंकराचार्य विरचितं शिवपञ्चाक्षर स्तोत्रं सम्पूर्णम् ।।

।। करवा चौथ व्रत कथा ।।

मान्धाता कहने लगे कि जिस समय अर्जुन, इन्द्र नील गिरी पर तप के लिए चले गये तो उनके पीछे द्रौपदी दुखीः मन होकर चिन्ता करने लगी कि अर्जुन ने बड़े कठिन तपकर्म को प्रारम्भ कर दिया है, किन्तु इस काम में विघ्न डालने वाले शत्रु अनेक हैं । इस प्रकार चिन्ता करके श्री कृष्ण जी से सब विघ्नों के नाश करने का उपाय पूछने लगी। द्रौपदी ने कहा कि हे सर्व जगत के नाथ! आप मुझे कोई ऐसा व्रत बताने की कृपा करें, जिसके करने से सभी विघ्न नाश हो जायें। श्री कृष्णजी ने कहा कि हे द्रौपदी। शिव जी ने जो व्रत श्री पार्वती जी से कहा था ! वही करक चतुर्थी नाम का व्रत मैं तुमसे कहता हूँ, तुम ध्यान पूर्वक सुनो, जो सब प्रकार के विघ्नों को नाश करने वाला है। श्री पार्वती जी ने कहा कि भगवान्! यह करक चतुर्थी का व्रत किस प्रकार का है तथा उसका विधान क्या है और पहले भी उस व्रत को किसी ने किया है? शंकर जी बोले कि पार्वती जी अनेक प्रकार के रत्नों से शोभायमान, चांदी और सोने के भवनों से भरे, विद्वान पुरूषों से सुसेवित, लोकों को वश में करने वाली दिव्य स्त्रियों से शोभायमान जहां पर सदैव ही वेद ध्वनि होती है ऐसे स्वर्ग से भी मनोहर, परम रमणीय इन्द्रप्रस्थपुर (दिल्ली) में एक वेद शर्मा नामक ज्ञानी ब्राह्मण रहता था, उसकी पत्नी का नाम लीलावती था। उसके महापराक्रमी सात पुत्र और सम्पूर्ण लक्षणों से युक्त वीरावती नाम की एक कन्या उत्पन्न हुई। उसकी आखें नील कमल के समान और मुख चन्द्रमा के समान था। उसके विवाह के योग्य समय आ जाने पर वेद शर्मा ने एक वेद शास्त्र के ज्ञाता विद्वान ब्राह्मण को विवाह विधि से पुत्री वीरावती का विवाह कर दिया। इसके पश्चात वीरावती ने अपनी भाभियों के साथ करवा चौथ का व्रत किया, फिर कार्तिक कृष्ण चतुर्थी के दिन व्रतोपवास कर सायंकाल में स्नान करके भक्ति भाव से वट वृक्ष का चित्र बनाकर, उसके नीचे शंकर जी, गणेश जी और स्वामी कार्तिकेय के साथ पार्वती जी का चित्र बनाया और ॐ नमः शिवाय इस मंत्र से गंध, पुष्प और अक्षतादि से गौरी का पूजन किया । फिर शिव जी, गणेश जी तथा षडानन का अलग-अलग पूजन करती हुई पकवान अक्षत तथा दीपक से युक्त दस करवा और गेहूँ के पिशान और गुड़ के बने हुए पकवान तथा और अनेक प्रकार के फलादि भोज्य पदार्थों को अर्पण करके, अर्घ्य देने के लिए चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करने लगी । इसी बीच में वीरावती भूख-प्यास की पीड़ा से मूर्छित होकर पृथ्वी पर गिर पड़ी। तब उसके सब भाई-बांधव रोने लगे। फिर वीरावती का मुख धोकर पंखे से हवा करके उसको ढ़ाढ़स बंधाने लगे कि अब चन्द्रमा उदय होने ही वाला है । उसका एक भाई चिन्ता युक्त होकर एक महान् वट वृक्ष पर चढ़ गया । बहिन के प्रेम से दुःखी उसके भाई ने जलती हुई मसाल लेकर चन्द्रमा के उदय होने का बहाना करके दिखाया । वीरावती ने चन्द्रमा का उदय जानकर, दुःख का त्याग करके विधि-विधान से अर्घ्य देकर भोजन कर लिया। इस प्रकार व्रत के दूषित हो जाने के कारण उसका पति मर गया । तब वीरावती ने अपने पति को मरा हुआ देखकर शिवजी का पूजन करते हुए, एक वर्ष तक निराहार व्रत किया। वर्ष के समाप्त होने पर, करक चतुर्थी का व्रत उसकी भौजाइयों ने किया और वीरावती ने भी पूर्वोक्त विधान से व्रत किया। उसी दिन देव कन्याओं के साथ इन्द्राणी वहाँ करक चतुर्थी का व्रत करने के लिए स्वयं स्वर्गलोक से वीरावती के पास चली आई। तब वीरावती से इन्द्राणी नें उसके दुखः की सब बातें पूछीं। वीरावती ने कहा कि जब मैं करक चतुर्थी का व्रत करके अपने पति के घर पर आई तो मेरा पति मृत्यु को प्राप्त हो गया। मैं नहीं जानती कि किस पाप के कर्म से मुझको यह फल मिला। हे माहेश्वरी! हमारे भाग्य से आप यहाँ आ गई हैं सो मेरे पति को जीवित करके मुझ पर कृपा कीजिये। इन्द्राणी ने कहा कि हे वीरावती! गत वर्ष जो तुमने अपने पति के घर में करक चतुर्थी का व्रत किया था तो बिना चन्द्रमा के उदय हुए ही तुमने व्यर्थ अर्घ्य दे दिया इसी से तुम्हारा करक चतुर्थी का व्रत दूषित हो गया और तुम्हारा पति मृत्यु को प्राप्त हो गया अब तुम भक्ति के साथ इस करक चतुर्थी का व्रत करो तत्पश्चात इस व्रत के प्रभाव से मैं तुम्हारे पति को जीवित कर दूंगी । श्री कृष्ण कहने लगे कि हे द्रौपदी ! इन्द्राणी के वचन को सुनकर वीरावती ने विधान पूर्वक व्रत को किया। इस प्रकार उसके करक चतुर्थी व्रत करने से इन्द्राणी ने प्रसन्न होकर जल को अभिसिंचन कर उसके पति को जीवित कर दिया । वह देवता के समान सुन्दर हो गया । इसके पश्चात् वीरावती अपने पति के साथ घर आकर आनन्द से रहने लगी। वीरावती के व्रत के प्रभाव से उसका पति धन-धान्य, पुत्र तथा आयु को प्राप्त हुआ, इसलिये तुम भी इस व्रत को यत्न पूर्वक करो। इस प्रकार श्री कृष्ण के वचनों को सुन कर द्रौपदी ने इस करवा चौथ के व्रत को किया जिसके प्रभाव से संग्राम में कौरवों को जीत कर अर्जुन नें अतुलनीय राज्य को प्राप्त किया जिससे उनका सब दुःख जाता रहा।

जो सौभाग्यवती स्त्रियाँ, इस करक चतुर्थी का व्रत करके सायंकाल विधि से पूजन करेंगी वे अचल सौभाग्य, धन, पुत्र तथा बड़े भारी फल को प्राप्त करेंगी। करक चीनी के बने हुए करवे ब्राह्मण को दान दें और कहें कि हे! गणेश जी इस करक के दान से मेरे पति बहुत काल तक जीवित रहें, मेरा सौभाग्य सदा बना रहे। सुहागिन स्त्रियों को भी देवें और आपस में थाली बाटें। इस प्रकार से सौभाग्य की इच्छा करने वाली स्त्रियां जो भी इसे करेंगी वे सौभाग्य, पुत्र तथा अचल लक्ष्मी को प्राप्त करेंगीं।

।। इति श्री वामन पुराणान्तर्गत करक चतुर्थी का व्रत कथा समाप्त ।।

गायत्री मन्त्र – **ॐ भू र्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं । भर्गो देवस्य धीमहि, धियो यो नः प्रचोदयात्।।**

Gayatri Mantra- **Om bhur bhuvah svah, tat savitur varenyam,**
Bhargo devasya dhimahi dhiyo yo nah praco dayat.

Meaning: We meditate on that God's Glory who has created the universe, who is fit to be worshipped, who is the embodiment of knowledge and light, who is the remover of all sins and ignorance. May He enlighten our intellects.

एक दृष्टि में सन् २०२३-२४ ई० में संक्रान्ति, एकादशी, प्रदोष, सत्यनारायण,ग.चतुर्थी, अमावस्या, पर्व An overview of Fast & Festivals 2023-2024							
Month 2023-24	मास २०२३-२४	संक्रान्ति Sankranti	एकादशी व्रत Ekadashi Vrat	प्रदोष व्रत Pradosh	सत्यनारायण व्रत Satyanarayan Vrat	गणेश चतुर्थी Ganesh Chaturthi	अमावस्या Amavasya
January	जनवरी	१४ (माघ) 14 Maagh	2,31	19	5,6	10	21
Fabruary	फरवरी	१२ फाल्गुन 12 Falgun	16	2,17	4,5	9	19
March	मार्च	१४ चैत्र 14 Chaitra	2,17	4,19	6, 7	10	21
April	अप्रैल	१४ वैशाख 14 Vaishakh	1,16	3,17	5	9	19
May	मई	१४ ज्येष्ठ 14 Jyeshth	1,15	2,16	4,5	8	19
June	जून	१५ आषाढ़ 15 Aashadh	13,29	1,15	3	6	17
July	जुलाई	१६ श्रावण 16 Shravan	13,28	14,30	2,3	5	16.17
August	अगस्त	१७भाद्र 17 Bhadra	11,27	13,28	1,30	4	15
September	सितम्बर	१७ आश्विन 17 Ashvin	10,25	11,26	28	18	14
October	अक्तूबर	१७ कार्तिक 17 Kartik	9.23	11,26	27,28	2	14
November	नवम्बर	१६मार्गशीर्ष 16 Marg sheersh	8,23	10,24	26	26	12
December	दिसम्बर	१६ पौष 16 Paush	8,22	10,24	26	30	12
January 2024	जनवरी २०२४	१४ (माघ) 14 Maagh	7,21	9,23	25	29	11
February	फरवरी	१३ फाल्गुन 13 Falgun	6,20	7,21	23,24	28	9
March	मार्च	१४ चैत्र 14 Chaitra	7,20	8,22	24,25	28	10

Acharya Pt. Ravindra Narayan Pandey Ph. (613) 228-1305 Cell. 613-216-7575

ॐसर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः । सर्वे भद्राणि पश्यन्तु माऽऽ कश्चिद् दुःख भाग्भवेत् ।।

Om Sarve bhavantu sukhinah, Sarve santu niramayah.Sarve bhadrani pashyantu Ma kaschid dukh-bhagbhavet.